# महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर

**लिपिक ग्रेड–।। सीधी भर्ती परीक्षा–2023 के फेज–।। ''हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण'' परीक्षा के संबंध में दिशा–निर्देश**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा लिपिक ग्रेड – II के पद पर भर्ती हेतु दिनांक 18.02.2024 को उदयपुर में आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर योग्य अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि लिपिक ग्रेड–।। सीधी भर्ती परीक्षा–2023 के द्वितीय चरण (Phase -II) की परीक्षा दिनांक 30.04.2024 को (कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण) ऑनलाइन आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय में इन पदों की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01/2023 दिनांक 03.02.2023 में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण परीक्षा हेतु अभ्यर्थी द्वारा स्वयं का कम्प्यूटर लाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु व्यवहारिक दृष्टि व एकरूपता बनाये रखने के लिए एवं अभ्यर्थियो की सुविधा हेतु परीक्षा में कम्प्यूटर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

उक्त ऑनलाइन परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा– निर्देश विश्वविद्यालय की भर्ती हेतु आधिकारिक वेबसाइट www.rcaudaipur.com पर उपलब्ध हैं। नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिये वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें, इस हेतु अभ्यर्थी को अलग से कोई सूचना नहीं दी जायेगी।

1. **अभ्यर्थी गति/दक्षता परीक्षण प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा पूर्व परीक्षा स्थल पर अपनी उपस्थिति देवें।**
2. **उक्त परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का लिंक अलग से वेबसाइट www.rcaudaipur.com पर दिनांक 23.04.2024 से उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अभ्यास कर लेवें।**
3. **लिपिक ग्रेड–।। परीक्षा के प्रथम चरण में योग्य अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (टंकण/दक्षता) निम्नानुसार 4 भागों में करवायी जायेगी**

| प्रश्न पत्र सं. | विषय | समय | अंक | अर्हता हेतु न्यूनतम प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी टंकण गति परीक्षण | 10 मिनट | 25 | 9 |
| 2 | अंग्रेजी टंकण गति परीक्षण | 10 मिनट | 25 | 9 |
| 3 | हिन्दी दक्षता परीक्षण | 10 मिनट | 25 | 9 |
| 4 | अंग्रेजी दक्षता परीक्षण | 10 मिनट | 25 | 9 |

1. परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मापदण्ड, अभ्यार्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे–

## क – गति परीक्षण (Speed Test)

- दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं प्रत्येक भाग के लिये 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
- अभ्यर्थियों को दोनो भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph) के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा। अंग्रेजी में परिच्छेद 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 400 शब्दों का होगा।
- अंग्रेजी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.05 अंक निर्धारित होंगे तथा हिन्दी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.0625 अंक निर्धारित होंगे।
- अभ्यर्थियों द्वारा किये गये टंकण गति कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अंक नहीं दिये जावेंगे –
  - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
  - वर्णो, शब्दों या अंकों का छूटना
  - वर्णो, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृति करना
  - विराम चिन्हों का यथावत प्रयोग नहीं करना
  - शब्दअंतराल में त्रुटि करना
  - अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना

- हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
- हिन्दी मात्राओं में की गयी अनावश्यक आवर्ती जो कि दिखने में नजर नहीं आती किन्तु कम्प्यूटर गलत बताता है। उदाहरण –
  1. केवल = dsoy
  2. केवल = dssssoy

  इसमें =dsoy को ही सही माना जायेगा।

- हिन्दी वर्णो का टंकण उचित प्रकार से नहीं करना। उदाहरण –
  - प = i
  - प =IK


  इसमें प = i को ही सही माना जायेगा।

## ख – दक्षता परीक्षण (Efficiency Test)

इस भाग के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं मे प्रश्न पत्र सारणी (Spread Sheet) के रूप में दिये जायेगें, जिनमें आंकड़ों का टंकन (Data Entry) एवं दो सूत्र–संयोजन करते हुए सामान्य कार्यालयोपयोग आधारित प्रश्नों (जैसे योग, औसत, प्रतिशत आदि की गणना) को दर्शाना होगा। इस भाग के प्रत्येक भाषा में कुल अंक 25 होंगे एवं इसके लिए 10 मिनट का समय सीमा होगी।

## अन्य दिशा–निर्देश

अंग्रजी टाईप के लिए प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाइपिंग के लिए Standard की–बोर्ड एवं DevLys 010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा।




नोट – यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेंवे। की–बोर्ड की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है, उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यार्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी परीक्षा हेतु उपयोग करना है।

1. अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्र में दोनों भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण परीक्षा देना तथा उत्तीर्ण करने हेतु न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।
2. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यार्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिऐ तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
3. अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर login करके अभ्यास परीक्षण (Practice Test) में अपने की–बोर्ड एवं माउस का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि (Keyboard) की–बोर्ड एवं (Mouse) माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें है अथवा नहीं। तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं । परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा।
5. अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद समय को नष्ट किये बिना दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियॉं करने का प्रयास करें।
6. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
7. अभ्यर्थी अपना कोई (Key-board) की–बोर्ड एवं (Key-board Sticker ) की–बोर्ड स्टीकर साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीकर की अनुमति नहीं है।
8. कम्प्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
9. पूरी टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
10. यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफटवेयर मे समस्या आ रही है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें।